उजाला SPEED NEWS

सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 4 अगस्त 2026 ई-पेपर पेज 1 / 2

देश

## मारुति नगर से चोरी हुई बाइक दो दिन में बरामद, आरोपी गिरफ्तार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी वृंदावन। थाना वृंदावन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का दो दिन के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की बाइक और अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को सौ फुटा पुल के नीचे से दबोचा और उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू बरामद किया।बताया गया है कि मारुति नगर से दो दिन पूर्व मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। घटना के बाद अड्डा चौकी प्रभारी ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय और मजबूत करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश उर्फ इन्द्रजीत निवासी नगला कमाल, थाना खेरागढ़, जनपद आगरा को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी मिला, जिसके संबंध में विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी का पूर्व में भी चोरी के मामले में आपराधिक इतिहास रहा है।वृंदावन कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार के नेतृत्व में अड्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित सिंह, हेड कांस्टेबल नरेश कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार तथा कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### एक नज़र में

ईरान ने दो नागरिकों को दी फांसी, इजरायल को सैन्य ठिकानों की जानकारी देने का था आरोप.

50 साल का बिना ब्याज वाला लोन… किस स्कीम के तहत किसे बांटे गए ₹31005 करोड़? निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब.

शेयर बाजार की ट्रेडिंग 3:15 पर खत्म, फिर Nifty 50 में अचानक 200 पॉइंट का कैसे आया उछाल?

Ramayana के मेकर्स की बढ़ी टेंशन, रिलीज से पहले मिली चेतावनी, हिंदू संगठन ने उठाई मांग.

‘पाकिस्तान हमारी ‘मौसी’…’ Sunny Deol ने बंटवारा 1947 के प्रमोशन पर दिया अनोखा जवाब, पिता धर्मेंद्र का बताया किस्सा.

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

दुनिया

## ईरान ने दो नागरिकों को दी फांसी, इजरायल को सैन्य ठिकानों की जानकारी देने का था आरोप.

ईरान ने जासूसी और इजरायल के साथ सहयोग के आरोप में अपने दो नागरिकों, ओमिद बेहजाद और पौरिया सफवत को फांसी दे दी। इन पर इजरायल को सैन्य ठिकानों की जानकारी देने का आरोप था। ईरान ने इजरायल को सैन्य जानकारी देने के आरोप में दो नागरिकों को फांसी दी . HighLights ईरान ने जासूसी के आरोप में दो नागरिकों को फांसी दी ओमिद बेहजाद और पौरिया सफवत पर इजरायल को सूचना देने का आरोप यह घटना राष्ट्रीय सुरक्षा अपराधों में बढ़ती फांसी के बीच हुई तेहरान, रॉयटर। ईरान ने जासूसी और इजरायल के साथ सहयोग के आरोप में सोमवार को अपने दो नागरिकों को फांसी दे दी।

दुनिया

## अमेरिका-ईरान में आज से फिर बातचीत शुरू होगी:ट्रम्प बोले- हमला कर सकते हैं, लेकिन लोगों को मारना नहीं चाहता.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सोमवार से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू होगी। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वार्ता मध्यस्थों के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा, "हम जब चाहें कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। अगर समझौता हो जाता है तो बहुत-सी जानें बच जाएंगी। देखते हैं बातचीत का क्या नतीजा निकलता है।" ट्रम्प के मुताबिक, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और ईरान के साथ हुई कूटनीतिक बातचीत के बाद उन्होंने ईरान पर प्रस्तावित बड़ा हमला टाल दिया। उन्होंने दावा किया कि बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

व्यापार

## 50 साल का बिना ब्याज वाला लोन… किस स्कीम के तहत किसे बांटे गए ₹31005 करोड़? निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब.




50 साल का बिना ब्याज वाला लोन… किस स्कीम के तहत किसे बांटे गए ₹31005 करोड़? निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब किस स्कीम के तहत किसे बांटे गए ₹31005 करोड़? निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब. नई दिल्ली| केंद्र सरकार की एक योजना है- स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेन्ट (SASCI)। इसके तहत केंद्र सरकार राज्य सरकारों को 50 साल के लिए बिना किसी ब्याज के लोन ( 50-Year Interest Free Loan ) देती है। इस योजना का मुख्य मकसद राज्यों को अपने यहां बड़े विकास कार्य- जैसे सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल या इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स बनाने के लिए पैसे की कमी न होने देना है। इसे लेकर संसद में सवाल पूछा गया।

## शेयर बाजार की ट्रेडिंग 3:15 पर खत्म, फिर Nifty 50 में अचानक 200 पॉइंट का कैसे आया उछाल?




सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी 50 में 200 अंकों से अधिक की अप्रत्याशित उछाल देखी गई, जिससे ट्रेडर्स हैरान रह गए। यह बदलाव SEBI के नए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (CAS) नियमों के कारण हुआ, जो अब बाजार बंद होने का तरीका बदल रहे हैं। HighLights निफ्टी में 200 अंकों से अधिक की अप्रत्याशित उछाल दर्ज। SEBI के नए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (CAS) नियम लागू। बाजार बंद होने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रणालीगत बदलाव। सोमवार को भारतीय शेयर बाज़ार में एक अनोखी तेज़ी देखी गई।

मनोरंजन

## Ramayana के मेकर्स की बढ़ी टेंशन, रिलीज से पहले मिली चेतावनी, हिंदू संगठन ने उठाई मांग.



रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म रामायण की रिलीज से पहले मेकर्स को रामलीला महासंघ की तरफ से चेतावनी मिली है। HighLights विवादों में रणबीर कपूर रामायण रामलीला महासंघ ने की डिमांड मेकर्स को संगठन ने दी चेतावनी एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। जब से निर्देशक नितेश तिवारी की रामायण (Ramayana) का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तब ये माइथोलॉजिकल फिल्म लगातार सुर्खियां बटोर रही है। अब फिल्म को लेकर नया बखेड़ा खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है।

मनोरंजन

## ‘पाकिस्तान हमारी ‘मौसी’…’ Sunny Deol ने बंटवारा 1947 के प्रमोशन पर दिया अनोखा जवाब, पिता धर्मेंद्र का बताया किस्सा.



पटना में 'बंटवारा 1947' (Batwara) की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सनी देओल ने पाकिस्तान को लेकर कुछ ऐसा कहा कि यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। HighLights 'बंटवारा 1947' का प्रमोशन कर रहे हैं सनी देओल पिता धर्मेंद्र को याद कर इमोशनल हुए एक्टर 14 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। पटना में अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के लिए हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक्टर सनी देओल ने पाकिस्तान से जुड़े एक सवाल पर कुछ अनोखा जवाब दिया।

## मृणाल ठाकुर 34 साल की हुईं: टेलीविज़न स्टार से पैन-इंडिया सक्सेस स्टोरी तक का सफ़र.



एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने टेलीविज़न से बॉलीवुड और तेलुगु सिनेमा में एक लोकप्रिय चेहरा बनने तक का सफल सफ़र तय करके एक शानदार करियर बनाया है। मृणाल ठाकुर आज, 1 अगस्त को अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं। उनका जन्म 1 अगस्त 1992 को महाराष्ट्र के धुले में हुआ था। मृणाल ठाकुर ने 2012 में टेलीविज़न शो 'मुझसे कुछ कहती… ये खामोशियां' से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कदम रखा। हालांकि, उन्हें असली पहचान हिट डेली सोप 'कुमकुम भाग्य' में बुलबुल के किरदार से मिली।

देश

## सावन के प्रथम सोमवार पर रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर लगे बोल बम के जयकारे।



संवाददाता खुशांत गुप्ता छाता। नगर के मैन बाजार स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर सावन के प्रथम सोमवार पर जलाभिषेक करने वालो शिव भक्तों की रही भीड़ जानकारी देते हुए देवकी नंदन पुजारी जी ने बताया सावन प्रारंभ होते ही शिव मंदिर में भक्तों की कतार प्रारंभ हो जाती है जैसे आज प्रथम सोमवार पर प्रातः काल से रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने वालो की भीड़ लगी रही जिसमें छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध माताओं के द्वारा जलाभिषेक किया गया दोपहर को विश्व शांति के लिए गौरव अविरल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों के द्वारा शिव...

देश

## PM के माफी के बाद, दिल्ली पुलिस ने गाली गलौज करने वाली नाबालिग के खिलाफ केस वापस लिया.



जंतर-मंतर पर CJP आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली 15 वर्षीय लड़की के खिलाफ दर्ज जीरो FIR पर दिल्ली पुलिस आगे कार्रवाई नहीं करेगी. लड़की ने माफी मांग ली थी और पीएम मोदी ने भी उसे माफ करने की बात कही थी. दिल्ली के जंतर-मंतर पर CJP के छात्र आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली नाबालिग लड़की के खिलाफ अब दिल्ली पुलिस आगे कार्रवाई नहीं करेगी. नोएडा पुलिस की तरफ से दर्ज जीरो FIR दिल्ली भेजी गई थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इस...